आकाशवाणी श्री विजयपुरम
दिनांक : 19.06.2025
समय : 0705

<><><><><><><>

- योग संगम के लिए पंजीकरण चार लाख के पार ।
- पंचायती राज मंत्रालय का हुआ भाषिणी के साथ समझौता ।
- श्री विजयपुरम में आज शाम छः बजे होगी मॉक ड्रिल।
- एम वी स्वराजद्वीप कल सुबह दस बजे श्री विजयपुरम से चेन्नई जाएगा।

<><><><><><><>

योग संगम दो हजार पच्चीस के लिए पंजीकरण चार लाख के आंकड़े को पार कर गया है। देश भर में इक्कीस जून को लाखों जगहों पर एक साथ ऐतिहासिक योग प्रदर्शन होगा, जो भारत की स्वास्थ्य यात्रा में एक ऐतिहासिक क्षण होगा। इस राष्ट्रव्यापी आंदोलन का सबसे शानदार प्रदर्शन विशाखापत्तनम में होगा, जहां प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और आयुष मंत्रालय के केंद्रीय राज्य मंत्री तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव, पांच लाख से अधिक योग प्रेमियों के साथ सामान्य योग का प्रदर्शन करेंगे।

<><><><><><><>

पंचायती राज मंत्रालय, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले राष्ट्रीय भाषा अनुवाद मिशन– भाषिणी के साथ एक समझौता ज्ञापन के माध्यम से एक महत्वपूर्ण सहयोग स्थापित करने जा रहा है। इसका उद्देश्य पंचायती राज शासन में अधिक समावेशिता और बेहतर पहुंच के लिए अत्याधुनिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस–संचालित भाषा प्रौद्योगिकियों का उपयोग करना है। यह पहल पंचायती राज मंत्रालय के डिजिटल प्लेटफॉर्म और आउटरीच प्रयासों में बहुभाषी पहुंच का विस्तार करने के लिए एक रणनीतिक सहयोग है, जो उन्नत अनुवाद तकनीकों के माध्यम से पंचायती राज पहलों, कार्यक्रमों, संवादों और लाइव कार्यक्रमों में व्यापक सार्वजनिक भागीदारी सुनिश्चित करता है।

<><><><><><><>

यू टी एम ए के तहत कार्यरत कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी के पदाधिकारियों, सहायक प्रौद्योगिकी प्रबंधकों और ब्लॉक प्रौद्योगिकी प्रबंधकों के लिए सोलह से अट्ठारह जून के बीच तीन दिवसीय ऑनलाइन

प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया। यह कार्यक्रम कृषि विभाग द्वारा आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का उद्देश्य किसान केन्द्रित पहलों को अधिक प्रभावी ढंग से लागू करना और क्षेत्रीय स्तर पर उनके ज्ञान और क्षमता को बढ़ाना था। पहले दिन चीकू के खेती के तरीकों के बारे में बताया गया। इसके अलावा पपीता, केले और गैर बारह मासी फसलों की खेती को बढ़ावा देने के बारे में अनुभवी अधिकारियों द्वारा विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम के दूसरे दिन पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग की डॉ. संजली सोरेन ने सत्र के दौरान चारा खेती, बकरी पालन, अजोला की खेती, बटेर पालन आदि पर विस्तार से बताया। अंतिम दिन मत्स्य पालन और जल कृषि पर आयोजित सत्र में मीठे पानी के तालाब और नर्सरी तालाब की स्वच्छता की देखभाल के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बाईस ए टी एम एस और पांच बी टी एम सहित सत्ताईस प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

<><><><><><><>

आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमताओं का आंकलन करने और उसे बढ़ाने के लिए नियमित नागरिक सुरक्षा तैयारी उपायों के हिस्से के रूप में आज शाम छः बजे एक मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। इस ड्रिल का उद्देश्य सभी अधिकृत सायरन की परिचालन तत्परता का परीक्षण करना और सायरन सक्रियण के लिए सार्वजनिक तैयारी को बढ़ावा देना है। सायरन शाम छः बजे से शाम छः बजकर पांच मिनट तक बजेगा। शाम छः बजकर दस मिनट पर ड्रिल के अंत का संकेत देने के लिए एक मिनट के लिए दूसरा सायरन बजेगा। इस अभ्यास का उद्देश्य आपातकालीन प्रतिक्रिया कर्मियों और आम जनता दोनों को आपात स्थितियों के दौरान मानक प्रतिक्रिया प्रोटोकॉल से परिचित कराना है। सभी संबंधित लोगों से सहयोग करने और सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया है।

<><><><><><><>

एम वी स्वराजद्वीप कल सुबह दस बजे श्री विजयपुरम से चेन्नई जाएगा। अतिरिक्त सामानों को जहाज पर चढ़ाने का कार्य आज दोपहर दो बजे से शाम चार बजे तक किया जाएगा, जबकि यात्रियों को जहाज पर चढ़ाने का कार्य कल सुबह आठ बजे से नौ बजे तक चलेगा। जहाज हैडो जेट्टी से छूटेगा।

<><><><><><><>

मानसून की शुरुआत के साथ, दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन ने जिले के निवासियों से खतरनाक पेड़ों और भूस्खलन जैसे संभावित खतरों के प्रति सतर्क रहने का आग्रह किया है। ऐसी किसी भी आपात

स्थिति की सूचना देने के लिए, नागरिक एक शून्य सात सात पर दक्षिण अंडमान जिला नियंत्रण कक्ष से संपर्क कर सकते हैं। आपात स्थिति के दौरान तत्काल सहायता के लिए ये नंबर चौबीसों घंटे सातों दिन उपलब्ध हैं। नागरिकों को मौसम के पूर्वानुमान के बारे में सुरक्षा दिशा–निर्देशों का पालन करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

अंडमान कॉलेज में अतिथि संकायों की नियुक्ति के लिए आवेदन पत्र जमा करने की तिथि बढ़ा दी गई है। अतिथि प्रवक्ताओं को यूजीसी के मानदंडों के अनुसार प्रति लेक्चर एक हजार पांच सौ रुपये की दर से मानदेय दिया जाएगा, जिसकी अधिकतम सीमा पचास हजार रुपये प्रति माह होगी। विस्तृत सूचना और आवेदन प्रारूप कॉलेज की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। आवेदन पत्र तीस जून शाम साढ़े तीन बजे तक अंडमान कॉलेज कार्यालय में जमा किया जा सकता है।

<><><><><><><>

हरियाणा के रोहतक में आयोजित ''छठवीं राष्ट्रीय मुएथाई चैंपियनशिप'' में द्वीपसमूह के एथलीटों ने इक्कीस पदक जीतकर शानदार उपलब्धि हासिल की। इस अवसर पर कल मुएथाई एसोसिएशन की ओर से जंगलीघाट के होटल सिल्वर स्प्रिंग में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसोसिएशन के अध्यक्ष एम विनोद और कोच एन जगाडेका वर्मा उपस्थित थे। खिलाड़ियों के उपलब्धि पर अध्यक्ष एम विनोद ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत करते हुए कहा–

इस अवसर पर खिलाड़ियों को प्रमाणपत्र, मेडल और स्मारिका भेंट की गई। टीम के कोच ने भी विजेताओं को बधाई देते हुए अभिभावकों से बच्चों को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने का अनुरोध किया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार फुटबॉल एसोसिएशन आगामी जूनियर लड़के और लड़कियों की ए आई एफ एफ नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप 2025–26 के लिए उनतीस जून को सुबह नौ बजे से नेताजी स्टेडियम में चयन ट्रायल आयोजित करेगा। एक जनवरी दो हजार दस से इक्कतीस दिसम्बर दो हजार ग्यारह के बीच पैदा हुए खिलाड़ी चयन ट्रायल के साथ–साथ इस चैम्पियनशिप में भाग लेने के लिए पात्र होंगे। एसोसिएशन ने

सभी जिलों, विभागों, क्लबों, सेवाओं और ग्रामीणों से अपने खिलाड़ियों को निर्धारित तिथि, समय और स्थान पर चयन ट्रायल के लिए भेजने का अनुरोध किया है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद ने सभी विभागों, होटल व्यवसायियों, रेस्तरां और बार मालिकों और वाणिज्यिक संस्थानों से वाणिज्यिक जल मीटर लगाने का निर्देश दिया है। जिन परिसरों में जल मीटर नहीं लगाया गया है, उनसे वाणिज्यिक जल मीटर अनिवार्य रूप से लगाने को कहा गया है। इसके अलावा, जो वाणिज्यिक जल मीटर कार्य नहीं कर रहे हैं उन्हें नोटिस के जारी होने की तारीख से 15 दिनों के भीतर बदलने का निर्देश दिया गया है। सभी संबंधितों से वाणिज्यिक जल शुल्क का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने का भी अनुरोध किया गया है। बिल नगरपालिका परिषद की आधिकारिक पोर्टल से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>